
कुएं में गिरने से किशोरी की मौत, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। बकरी चराने गयी किशोरी का पैर फिसल जाने से वह कुएं में समा गयी। किशोरी की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर रानीगंज कैथौला चौकी पुलिस व लालगंज की फायर यूनिट मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से शव निकाले जाने के बाद उसे पीएम के लिए भेजवाया गया।

लालगंज कोतवाली के छोटी पयागीपुर निवासी जगदीश सरोज की सत्रह वर्षीया पुत्री शोभा रविवार को घर से बकरी चराने निकली थी। करीब पांच सौ मीटर दूर वहां एक अंधा कुंआ है। खेलते खेलते किशोरी का पैर फिसल गया। वह कुएं के गहरे पानी में समा गयी। वहां मौजूद अन्य चरवाहों ने कुएं के भीतर से चीख सुनीं तब वह आवाक रह गये। सूचना पर बदहवाश परिजन मौके पर पहुंचे। इधर घटना को लेकर ग्रामीणों की भी भीड़ जमा हो गयी। जानकारी मिलते ही रानीगंज कैथौला पुलिस चौकी से फोर्स भी पहुंच गयी। पुलिस ने लालगंज से फायर यूनिट को बुलवाया। ग्रामीणों के सहयोग से फायर यूनिट के मशक्कत से किशोरी का शव कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। इधर किशोरी की मौत से परिजनों को बिलखते देखा गया।



पयागीपुर में घटनास्थल पर जुटी भीड़।

ई-रिक्शा की टक्कर से अधेड़ घायल, रिफर

लालगंज, प्रतापगढ़। ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रारंभिक उपचार के बाद उसे गंभीर दशा में पड़ोसी जिले रायबरेली के एक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है।

लालगंज कोतवाली के पूरे नंदन मांदीपुर निवासी देवानंद पाण्डेय ५० पुत्र रामकृष्ण पाण्डेय शनिवार की देर शाम बाइक से अपने एक साथी के साथ बाबूगंज बाजार से कहीं निकला था। कोतवाली के धर्मराज तुलई के पास ईरिक्शा ने तेज गति से बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में देवानंद को गंभीर चोटें आ गयी। परिजन इलाज के लिए उसे लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। प्रारंभिक उपचार के बाद परिजनों ने उसे रायबरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

डिब्बे सहित तौली मिठाई तो लगेगा ५० हजार रुपये तक जुर्माना

दीपावली पर मिठाई और ड्राई फ्रूट खरीदते समय ग्राहक रहें सतर्क

परियावां, प्रतापगढ़। दीपावली का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में मिठाई और ड्राई फ्रूट की खरीदारी शुरू हो गई है। ऐसे में मिठाई विक्रेताओं को सावधान रहने की जरूरत है। अब मिठाई या ड्राई फ्रूट को डिब्बे सहित तौलना दुकानदारों को महंगा पड़ सकता है। नियमों का उल्लंघन करने पर बांट-माप विभाग की ओर से ५० हजार रूपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। दरअसल, कई दुकानदार मिठाई और ड्राई फ्रूट के साथ डिब्बे का वजन भी ग्राहकों से वसूलते हैं। दीपावली पर गत्ते के मोटे डिब्बों का वजन डेढ़ सौ से २०० ग्राम तक होता है। इससे ग्राहकों को निर्धारित मात्रा से कम मिठाई मिलती है। बांट-माप विभाग इस संबंध में ग्राहकों को जागरूक कर रहा है। विभाग ने अपील की है कि मिठाई और ड्राई फ्रूट खरीदते समय डिब्बे का वजन अलग कराकर ही सामग्री तौलवाएं। दुकानदार से पक्का बिल अवश्य लें तथा खाद्य सामग्री की एक्सपायरी तारीख भी जांच लें। नियमों का उल्लंघन होने पर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की जा सकती है। डिब्बे सहित खाद्य सामग्री तौलना विधिक माप विज्ञान अधिनियम २००९ की धारा १२ का उल्लंघन है और धारा ३० के तहत दंडनीय अपराध है।

बाजारों में मिलावटी खोया-पनीर और रेडीमेड मिठाइयों की हो रही बिक्री, शिकायत

जांच अभियान नहीं चलने से ग्राहकों में नाराजगी

परियावां, प्रतापगढ़। कालाकांकर विकासखंड के विभिन्न बाजारों में मिलावटी खोया, पनीर और अन्य खाद्य पदार्थों के साथ रेडीमेड मिठाइयों की बिक्री का आरोप लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच नहीं होने से मिलावट का कारोबार करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

परियावां, नवाबगंज, आलापुर, लवाना भवानीगंज, लाला बाजार, कुशवापुर, अंसारगंज, अदलाबाद, कधेरूआ और ब्रह्मौली सहित विभिन्न बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से प्रभावी जांच अभियान नहीं चलाया जा रहा है। त्योहारों के मद्देनजर मिठाई और खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने से ग्राहकों की चिंता भी बढ़ गई है। क्षेत्रीय लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान आ.ष्ट कराते हुए कालाकांकर विकासखंड की सभी प्रमुख बाजारों में जांच अभियान चलाने तथा मिलावट पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे न्याय और योजनाओं का लाभ-जितेन्द्र

विधिक सेवा शिविर में ५२३९५ लोग योजनाओं से जुड़ने के लिए चिन्हित



हादीहाल में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ अतिथि।

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को तुलसीसदन (हादीहाल) में वृहद विधिक जागरूकता, सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं अपर जिला जज प्रथम जितेन्द्र कुमार द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली।

शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पांच दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को १५ करोड़ रूपये का डेमो चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के दो लाभार्थियों को पांच-पांच लाख तथा युवा स्वरोजगार योजना के एक लाभार्थी को २५ लाख रूपये का डेमो चेक दिया गया। श्रम विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि के प्रमाण पत्र, पांच लोगों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड तथा आवास, पेंशन, पीएम स्वनिधि, किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

कौशल विकास मिशन के दो अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी दिए गए। अभियान के तहत कुल ५२,३९५ लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए चिह्नित किया गया, जिनमें ३६,५६२ लोगों को योजनाओं से जोड़ा गया। कार्यक्रम में २५६ लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि जितेन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। अधिकारियों को पात्र लोगों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंक अधिकारियों से लाभार्थियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील की। इस अवसर पर अपर जिला जज हेमंत कुमार, छोटे लाल यादव, राजीव रंजन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांभवी, परियोजना निदेशक दयाराम यादव सहित न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। साकेत गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं और आत्रेय एकेडमी के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी राम प्रकाश पांडेय ने किया।

दहेज प्रताड़ना में सिपाही सहित चार पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। प्रयागराज जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गरियावां गांव निवासी सुरेश कुमार की बेटी पूजा यादव की शादी बाघराय थाना क्षेत्र के बरबसपुर गांव निवासी जगलाल के आरक्षी बेटे अभयराज के साथ हुई थी। पूजा के पिता सुरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी में दहेज में कार दी थी। आरोप है कि उसके बावजूद दामाद बुलट बाइक की मांग करने लगा। बुलट नहीं देने पर ३० अक्तूबर की रात करीब ११ बजे पति अभयराज ने पूजा के गहने आदि छीनकर मारपीट कर घर से भगा दिया। पूजा फोन से अपने पिता और पुलिस को जानकारी देकर मायके चली गई। पूजा का आरोप है कि पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पूजा के पति अभयराज, जेठ संजय यादव, सास शिव कुमारी और ससुर जगलाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सफाई कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने जताया शोक

परियावां, प्रतापगढ़। कालाकांकर विकासखंड की ग्राम पंचायत शेखपुर सहजनी में कार्यरत सफाई कर्मचारी मोहम्मद मुस्तकीम (५५) निवासी मानिकपुर की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। दो दिन पहले बीपी और शुगर बढ़ने से अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई थी।

परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए लाइफ केयर हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के तीन बेटे और पांच बेटियां हैं। इनमें केवल बड़ी बेटी की शादी हुई है, जबकि अन्य सभी अविवाहित हैं। घटना की जानकारी मिलने पर सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पन्नालाल सहित दर्जनों सफाई कर्मचारी उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही अंतिम संस्कार में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

विशाम्भर शर्मा- अध्यक्ष, रघुनाथ गौड़- बने मंत्री

प्रतापगढ़। राजकीय वाहन चालक संघ का चुनाव रविवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के वर्कशॉप परिसर में संपन्न हुआ। संरक्षक लल्लन सिंह की देखरेख में हुए चुनाव में स्वास्थ्य विभाग के विशाम्भर शर्मा अध्यक्ष और सिंचाई विभाग के रघुनाथ गौड़ मंत्री चुने गए। राम बदन उपाध्यक्ष, श्रवण कुमार राय उपमंत्री, सर्वजीत यादव संयुक्त मंत्री, राजेश गौड़ संगठन मंत्री, रामनरेश कोषाध्यक्ष, श्याम बहादुर यादव ऑडिटर और इंद्रभान सिंह प्रचार मंत्री चुने गए।

करण्ट की चपेट में आने से युवती झुलसी

प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के रायपुर भरखी गांव निवासी अजीत यादव की १९ वर्षीय बेटी खुशबू यादव शनिवार शाम घर में कुछ काम कर रही थी। इसी दौरान बिजली के खुले तार से वह करंट की चपेट में आकर झुलस गई। घबराए परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

पिलर तोड़ने को लेकर दर्जनों आरोपितों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

लालगंज, प्रतापगढ़। मकान के निर्माण को लेकर पीड़ित द्वारा बनवाए गए पक्के पिलर को तोड़ने के आरोप में लालगंज पुलिस ने दर्जनों आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के हरनाहर निवासी विवेक कुमार मिश्र पुत्र स्व० रामपाल मिश्र ने सलेम भदारी गांव में जमीन का बैनामा लिया है।

बैनामाशुदा जमीन पर विवेक ने राजस्व एवं पुलिस टीम की आख्या के आधार पर मकान का निर्माण शुरू कराया। निर्माण के तहत बने उसके आधा दर्जन पक्के पिलर को आरोपियों ने तोड दिया। सत्रह अक्टूबर की सुबह पीड़ित निर्माणाधीन स्थल पर पहुंचा तब उसके पिलर टूटे मिले। इसके पहले निर्माण में बाधा को लेकर सूरज यादव तथा अवनीश यादव व प्रधान नरियावां के साथ पहुंचे आठ से दस लोग एवं राधेश्याम तथा भीमपुर निवासी मेवालाल के पुत्र अनिल केसरवानी व तीन अन्य अज्ञात ने निर्माण को लेकर सोलह अक्टूबर को दिन में मजदूरों के साथ गालीगलौज की। आरोपियों ने मजदूरों को धमकाया कि पिलर क्षतिग्रस्त कर देंगे। तब मौके पर पुलिस ने पहुंचकर आरोपियों को वहां से खदेड़ा। आरोपियों द्वारा पीड़ित के पचास किलो सरिया तथा चार फावड़े को गायब करते हुए खेत में पानी भर दिया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सूरज यादव समेत दर्जनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

धारदार हथियार से जानलेवा हमला, शिकायत

सांगीपुर, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के रॉकी गांव निवासी शिवम सिंह पुत्र रावेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर जानलेवा हमले और धमकी देने की शिकायत की है।

आरोप है कि शनिवार रात करीब नौ बजे वह गांव की एक किराना दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग बाइक से पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। किसी तरह जान बचाकर भागने और शोर मचाने पर ग्रामीणों के जुटने से आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में ११५५ जोड़ों के विवाह की तैयारी पूरी

३, ६, १६ और १९ को राजकीय इंटर कालेज मैदान में होंगे सामूहिक विवाह

प्रतापगढ़। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वित्तीय वर्ष २०२६-२७ में जिले के ११५५ जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। चार चरणों में होने वाले सभी सामूहिक विवाह कार्यक्रम राजकीय इंटर कॉलेज मैदान प्रतापगढ़ में आयोजित किए जाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि शासन से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि तीन नवंबर को कुंडा, कालाकांकर, लक्ष्मणपुर, संडवा चंद्रिका और मंगरौरा विकासखंड के ३१० जोड़ों का विवाह होगा। छह नवंबर को बाबागंज, बिहार, रामपुर संग्रामगढ़, मानधाता और सदर विकासखंड के ३१० जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इसी क्रम में १६ नवंबर को आसपुर देवसरा, बाबा बेलखरनाथ धाम, लालगंज और शिवगढ़ के २४८ जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। वहीं १९ नवंबर को पट्टी, गौरा, सांगीपुर और सभी नगर पंचायतों के २८७ जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न होगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा, यातायात, अग्निशमन, टेंट-पंडाल और मंच सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने सभी लाभार्थियों से अपील की है कि विवाह कार्यक्रम में वर-वधू अपना आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं। उनकी उपस्थिति बायोमेट्रिक अथवा फेस ऑथेंटिकेशन से दर्ज की जाएगी। सभी जोड़े निर्धारित तिथि और समय पर आवश्यक अभिलेखों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचें।

प्रधान की मां के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

परियावां, प्रतापगढ़। कालाकांकर विकासखंड की ग्राम पंचायत संग्रामपुर की प्रधान रीता यादव की ९० वर्षीय मां रानी देवी का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कालाकांकर गंगा घाट पर किया गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्रधान के परिवार में शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए ग्रामीणों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और परिचितों का देर शाम तक तांता लगा रहा। लोगों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी पटेल जयन्ती

परियावां, प्रतापगढ़। जनता इंटर कॉलेज आलापुर में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की १५१वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रवीण कुमार शुक्ला सहित शिक्षकों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रबंधक प्रवीण कुमार शुक्ला ने कहा कि सरदार पटेल भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार थे। उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और अदम्य साहस से सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। उनका जीवन हमें एकता, साहस और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है।

सऊदी अरब भेजने के नाम पर १.१० लाख की ठगी, दो के खिलाफ मुकदमा

नौकरी दिलाने का झांसा देकर ऐंठी रकम, वापस मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

पट्टी, प्रतापगढ। सऊदी अरब भेजने और वहां नौकरी दिलाने का झांसा देकर १.१० लाख रूपये की ठगी करने के आरोप में आसपुर देवसरा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद गांव निवासी सकीना बानो पत्नी जमशेर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कंधई थाना क्षेत्र के गोगलापुर निवासी मोहम्मद कलीम और नौरंगाबाद निवासी असलम ने उसके पति को सऊदी अरब भेजने और वहां नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। इसके लिए आरोपियों ने १.१० लाख रूपये की व्यवस्था करने को कहा। उनके झांसे में आकर पीड़िता ने अलग-अलग तारीखों में ऑनलाइन माध्यम से आरोपियों को कुल १.१० लाख रूपये दे दिए। आरोप है कि रकम लेने के बाद भी न तो उसके पति को विदेश भेजा गया और न ही नौकरी दिलाई गई। कई बार रूपये वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करते रहे।

पीड़िता के अनुसार, २० सितंबर २०२६ को वह दादूपुर पंडान स्थित आरोपी के घर रूपये मांगने पहुंची तो उसके साथ गालीगलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इससे वह और उसका परिवार भयभीत है। पुलिस ने मोहम्मद कलीम और असलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बैंक खाते का दुरुपयोग बताकर १३ लाख की ठगी

प्रतापगढ़। दिलीपपुर के मरूआन गांव निवासी मिथलेश कुमार सिंह के पास २१ अक्तूबर को एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि नरेश गोयल के खाते से ६०० करोड़ रूपये का घोटाला हुआ है। उसमें से उनके मुंबई में संचालित बैंक खाते में भी छह करोड़ रूपये गए हैं। इसकी जांच की जा रही है। उसके कहने पर मिथलेश सिंह ने १३ लाख रूपये एक बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। बाद में वह १५ लाख रूपये की और मांग करने लगा तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ। मिथलेश ने मामले में साइबर थाने में केस दर्ज कराया है।

गरीब और असहाय व्यक्ति की चिकित्सा सेवा ही एनएमओ की पहचान-ओम प्रकाश

एनएमओ काशी प्रांत के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का समापन

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय चिकित्सक संगठन (एनएमओ) काशी प्रांत के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन डॉ. सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख युद्धवीर जी ने मां सरस्वती एवं आचार्य चरक के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि युद्धवीर ने कहा कि चिकित्सा सेवा केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है। चिकित्सकों को समाज के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि आरएसएस के विभाग प्रचारक ओम प्रकाश ने कहा कि एनएमओ केवल चिकित्सकों का संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा और नारायण सेवा के मंत्र को आत्मसात करने वाला वैचारिक आंदोलन है। गरीब और असहाय व्यक्ति की चिकित्सा सेवा ही एनएमओ की पहचान है। मानव सेवा ही माधव सेवा है और संगठन इसी विचार को धरातल पर उतार रहा है। अति विशिष्ट अतिथि डॉ. एमएलबी भट्ट, निदेशक कल्याण सिंह कैंसर संस्थान लखनऊ ने भारत के गौरवशाली इतिहास और चिकित्सा विज्ञान में चरक एवं सुश्रुत के योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ. जीपी सिंह ने विस्तृत अभिवाचन प्रस्तुत किया। डॉ. सच्चिदानंद ने एनएमओ के कार्यो तथा डॉ. सुभाष सिंह ने दायित्व बोध विषय पर विचार रखे। अभ्यास वर्ग में चिकित्सा सेवा, संगठनात्मक विकास और राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका पर चर्चा हुई। अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य देवाशीष शर्मा ने की। आयोजक डॉ. जेपी वर्मा सहित डॉ. देवांश त्रिपाठी, डॉ. पवन सिंह, डॉ. रूचिरा, डॉ. राजेश राय और डॉ. मयंक शुक्ला मौजूद रहे।

बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने संघटन की किया समीक्षा

कटरामेदनीगंज, प्रतापगढ़। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने जिला कार्यालय प्रतापगढ़ सिटी में संगठन की समीक्षा बैठक की। इसमें बूथ कमेटी से लेकर मंडल कमेटी तक के गठन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों से बारी-बारी समीक्षा की। संगठन के प्रति उदासीनता बरतने

पदाधिकारियों को दिये कमेटियों के गठन के निर्देश

वाले कार्यकर्ताओं पर नाराजगी जताते हुए १० तारीख तक सभी कमेटियों का गठन मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि बूथ स्तर पर संगठन मजबूत होगा तो पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि बूथों के प्रति पदाधिकारियों की उदासीनता जारी रही तो वह स्वयं सेक्टरवार बैठक कर समीक्षा करेंगे। उन्होंने बहन मायावती के शासनकाल की उपलब्धियों की भी जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील गौतम ने की। इस मौके पर अखिलेश अंबेडकर, अमरेंद्र बहादुर भारती, सतीश जाटव, पंकज कुमार गौतम, अश्वनी कुमार राणा, राम कैलाश गौतम और संतोष कुमार पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नि:शुल्क नेत्र शिविर में मोतियाबिंद के ६४ मरीज चिन्हित



कोहंडौर में नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक।

१४४ लोगों ने कराया पंजीकरण, २४ को चश्मे का नम्बर दिया गया

कोहंडौर, प्रतापगढ़। सूर्य नारायण आदर्श विद्यालय कोहंडौर में रविवार को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल १४४ महिला और पुरूषों ने नेत्र परीक्षण के लिए पंजीकरण कराया। जांच के दौरान मोतियाबिंद के ६४ मरीज चिन्हित किए गए। शिविर में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय मुंशीगंज अमेठी के चिकित्सक डॉ. उत्कर्ष श्रीवास्तव ने मरीजों की आंखों की जांच की।

अस्पताल की शालिनी सिंह, अंकिता यादव, अनुराधा पांडेय, प्रीति और सरिता ने मरीजों का बीपी, शुगर और विजन परीक्षण किया। जांच के बाद २४ लोगों को चश्मे का नंबर दिया गया।

अन्य मरीजों को नेत्र संबंधी समस्याओं के उपचार के लिए उचित परामर्श दिया गया। कैंप आयोजक कल्पनाथ यादव और अमरनाथ यादव ने मरीजों की काउंसलिंग एवं जांच में सहयोग किया। विद्यालय के शिक्षक रामकुमार वर्मा, गिरजाशंकर गुप्ता और डॉ. हरिकेश भोजवाल ने पंजीकरण की जिम्मेदारी संभाली। शिविर के आयोजन में डॉ. दिनेश प्रताप सिंह, श्यामलाल, कृष्ण कुमार, रवि कुमार, अंजनी कुमार ऊमर वैश्य, अमित कुमार, सत्यदेव, अनुभव कुमार, सचिन कुमार जायसवाल, बृजेश कुमार ऊमर वैश्य, विजय शंकर पांडेय, सुनील कुमार ऊमर वैश्य, डॉ. कमलेश कुमार पांडेय, त्रिवेणी लाल ऊमर वैश्य, सुरेश कुमार पटवा, ओमप्रकाश यादव, पूर्व प्रधान पवन कुमार और राहुल कुमार सोनी सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

अक्तूबर में १४० पीड़ितों को वापस मिले ९.१२ लाख रुपये

प्रतापगढ़। साइबर ठगी के शिकार १४० लोगों को अक्टूबर माह में प्रतापगढ़ पुलिस ने ९,१२,९९०.४७ रूपये वापस कराए हैं। जनपदीय साइबर सेल, थानों की साइबर हेल्प डेस्क और साइबर क्राइम थाने की टीम ने एनसीआरपी पोर्टल पर मिली शिकायतों और पीड़ितों के प्रार्थना पत्रों की जांच कर यह धनराशि उनके बैंक खातों में वापस कराई। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन और एएसपी पूर्वी के पर्यवेक्षण में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई की गई। ठगी की घटनाओं में यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से रकम निकाली गई थी। रूपये वापस मिलने पर पीड़ितों ने पुलिस टीम का आभार जताया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अनजान क्यूआर कोड स्कैन न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। किसी को भी ओटीपी, एटीएम पिन, सीवीवी या यूपीआई पिन न बताएं। अनजान स्रोत से एपीके फाइल डाउनलोड न करें और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से बचें। साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर १९३० पर सूचना दें या साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस ने जागरूकता को ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताया है।

खाता दोबारा चालू होते ही २.७२ लाख रुपये पार

साइबर जालसाजों ने नौडेरा निवासी के बैंक खाते को बनाया निशाना

सुवंसा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सुवंसा के नौडेरा (वार्ड ११) निवासी लल्लू तिवारी के बैंक खाते से साइबर जालसाजों ने २.७२ लाख रूपये उड़ा दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लल्लू तिवारी के अनुसार, १० अक्टूबर को फोन के माध्यम से उनसे बैंक खाते से संबंधित जानकारी मांगी गई थी। शक होने पर उन्होंने उसी दिन अपना बैंक खाता फ्रीज करा दिया। २८ अक्टूबर को खाता दोबारा चालू कराया गया। आरोप है कि अगले ही दिन २९ अक्टूबर को उनके खाते से २,७२,४०० रूपये निकाल लिए गए। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलते ही उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के बाद फतनपुर थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। साइबर ठगी में शामिल लोगों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

प्राइवेट बस कर्मियों ने रोडवेज चालक को पीटा, हंगामा

चालक ने बीच सड़क खड़ी की बस, अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर लगा जाम



भंगवा चुंगी चौराहे पर लोगों को समझाती पुलिस।

प्रतापगढ़। शहर के भंगवा चुंगी चौराहे पर रविवार दोपहर करीब एक बजे प्राइवेट बस कर्मियों और रोडवेज बस चालक के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि प्राइवेट बस कर्मियों ने चालक की बीच सड़क पर पिटाई कर दी। इससे नाराज चालक ने रोडवेज बस सड़क के बीचोंबीच खड़ी कर दी, जिससे अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर जाम लग गया।

बस खड़ी होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पीईटी परीक्षा केंद्र के बाहर जाम लगने से परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों के साथ राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर यातायात उपनिरीक्षक (टीएसआई) अली अकबर और भंगवा चौकी प्रभारी रमेश तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने स्थिति संभालते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। इसके बाद सड़क पर खड़ी बस को हटवाकर जाम खुलवाया गया और वाहनों का आवागमन शुरू कराया गया। रोडवेज बस चालक ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

यातायात माह शुरू, वाहन चालकों को दिलायी नियमों के पालन की शपथ



राजापाल टंकी चौराहे पर यातायात माह का फीता काटकर शुरुआत करते एसपी दीपक भूकर।

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने रविवार को राजापाल टंकी चौराहे पर फीता काटकर यातायात माह नवंबर-२०२६ का शुभारंभ किया। इस वर्ष अभियान की थीम ?आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प' रखी गई है। कार्यक्रम में एसपी ने लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन करके अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। वाहन चलाते समय थोड़ी सी लापरवाही खुद के साथ दूसरों की जिंदगी को भी खतरे में डाल सकती है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हेलमेट चालान से बचने का नहीं, बल्कि जीवन बचाने का साधन है। नशे में वाहन न चलाने, मोबाइल का प्रयोग नहीं करने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की भी अपील की गई। कार्यक्रम में एएसपी पूर्वी आलोक कुमार, सीओ यातायात रविन्द्र प्रताप सिंह, यातायात प्रभारी मनोज कुमार और नगर कोतवाल सुभाष कुमार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। नवंबर माह में स्कूलों में जागरूकता गोष्ठियां, रैलियां, पंपलेट व रिफ्लेक्टर वितरण के साथ नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

ध्रुव की अटूट भक्ति से मिलती है प्रभु कृपा-आचार्य राहुल

सुवंशा, प्रतापगढ़। बसिरहा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य श्री राहुल पांडेय पाराशर जी महाराज ने सृष्टि उत्पत्ति, ध्रुव चरित्र और कपिल-देवहूति संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने ध्रुव की अटूट भक्ति, दृढ़ संकल्प और भगवान के प्रति उनकी निष्ठा का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि सच्ची श्रद्धा और अटूट विश्वास से भगवान की भक्ति करने वाले भक्त पर सदैव प्रभु की कृपा बनी रहती है। कपिल देव और माता देवहूति के संवाद के माध्यम से उन्होंने जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व को समझाया।